उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,
लखनऊ

संख्या- 09 /03/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023-24/08-परीक्षा/2022

लखनऊः दिनांक- 06 फरवरी, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा(प्रा0अ0 प0-2021)/08 के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक (उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अधीनस्थ कार्यालय लिपिक संवर्ग) के कुल रिक्त 1148 पदों तथा उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 114 पदों अर्थात दोनों विभागों हेतु कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 1262 पदों पर चयन के लिये भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे । उक्त विज्ञापन के सापेक्ष लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 27.08.2023 को आयोजित की गयी थी ।

सूच्य है कि उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-10 में वर्णित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम को संशोधित करते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संशोधित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसके सम्बंध में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-305/04/25/चार/आयोग/2021, दिनांक 05.06.2023 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी । तदनुसार ही चयन सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी ।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 1262 पदों पर चयन के लिये लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक के विज्ञापित कुल 1262 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 05 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार चिन्हित 15174 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 06.02.2024 द्वारा चयन के अगले चरण टंकण परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है ।

उक्त के क्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर उपरोक्तानुसार चयन के अगले चरण टंकण परीक्षा हेतु चिन्हित 15174 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-209/01/04/2023/2024, दिनांक 06-02-2024 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है । सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं ।

संलग्नक- यथोपरि ।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव ।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्या:– 209 /गोपन/01/04/2023/2024
लखनऊः दिनांक 06 फरवरी, 2024

आयोग के विज्ञापन संख्या–08–परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/08 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 1262 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर चयन के अगले चरण टंकण परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

<u>लम्बवत आरक्षण</u>

क्र0सं0	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	अनारक्षित	48.25
2	अनुसूचित जाति	44.25
3	अनुसूचित जनजाति	40.50
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	48.25
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	48.25

<u>क्षैतिज आरक्षण</u>

क्र0सं0	श्रेणी/उपश्रेणी			कटऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित			41.75
2	महिला			47.50
3	भूतपूर्व सैनिक			27.00
4	उत्कृष्ट खिलाड़ी			वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
5	दिव्यांगजन	(क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता	(LV)	39.50
		(ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास	(HH)	25.75
		(ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः	(CP/AAV/DW/LC/OL/OA)	09.25
		(घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः	–	पद विज्ञापित नहीं हैं।
		(ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर–अंधता सम्मिलित है ।	–	पद विज्ञापित नहीं हैं।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।